# 20 राजस्थान में प्रजामण्डल व स्वतंत्रता आंदोलन

1. सुशीला और भगवती का संबंध किस प्रजामण्डल से था ?
(1) सिरोही प्रजामण्डल (2) धौलपुर प्रजामण्डल
(3) मेवाड़ प्रजामण्डल (4) बीकानेर प्रजामण्डल (3)

2. 1941 ई. में नगरपालिका चुनावों में लोक परिषद् को बहुमत मिलने पर जोधपुर में नगरपालिका अध्यक्ष चुने गए थे?
(1) जमनालाल बजाज (2) जयनारायण व्यास
(3) भानमल जैन (4) भंवरलाल सर्राफ (2)

3. 'बरड़ किसान आंदोलन' किस प्रजामण्डल से संबंधित है, जिसमें पंडित नयनूराम शर्मा ने राजनीतिक चेतना जगाने व लाग–बाग, बेगार आदि के संबंध में विरोध में आंदोलन किया?
(1) जयपुर प्रजामण्डल (2) बूँदी प्रजामण्डल
(3) प्रतापगढ़ प्रजामण्डल (4) बाँसवाड़ा प्रजामण्डल (2)

4. धौलपुर प्रजामण्डल की स्थापना 1936 ई. में हुई, इसके प्रथम अध्यक्ष थे–
(1) जौहरीलाल इंदु (2) मूलचंद
(3) यमुनाप्रसाद शर्मा (4) कृष्णदत्त पालीवाल (4)

**व्याख्या–** धौलपुर प्रजामंडल की स्थापना 1936 में ज्वाला प्रसाद जिज्ञासु ने जौहरीलाल इंदु , मूलचंद व कृष्णदत्त पालीवाल के सहयोग से की। इसका प्रथम अध्यक्ष कृष्णदत्त पालीवाल को बनाया गया।

5. पं.जवाहरलाल नेहरू के प्रयासों से भरतपुर में काँग्रेस मण्डल की स्थापना कब की गई थी?
(1) 1931 (2) 1924
(3) 1927 (4) 1937 (4)

6. रघुवर दयाल के नजरबंद कर दिए जाने के बाद भी बीकानेर में आंदोलन जारी रहा, इस दौरान बीकानेर में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया–
(1) 23, जनवरी 1946 (2) 4 अक्टूबर, 1936
(3) 26 जनवरी, 1946 (4) 26 जनवरी, 1942 (3)

7. भरतपुर प्रजामण्डल की स्थापना कब व किसके द्वारा की गई थी?
(1) 1938 – लादू राम व्यास
(2) 1927 – गोपीलाल यादव
(3) 1938 – किशनलाल
(4) 1936 – मास्टर आदित्येन्द्र (3)

**व्याख्या–** भरतपुर प्रजामण्डल की स्थापना किशनलाल जोशी द्वारा 1938 ई. में 'रेवाड़ी' में जुगल किशोर चतुर्वेदी के घर पर की गई थी।

8. प्रजामण्डल व स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान शहीद हुए कार्यकर्ताओं का शहीद होने की दिनांक के अनुसार निम्न में से असुमेलित युग्म है?
(1) प्रतापसिंह बारहठ – 27 मई, 1918
(2) कृपाजी धाकड़ – 13 जूलाई, 1924
(3) सागरमल गोपा – 4 अप्रैल, 1946
(4) रमेश स्वामी – 5 फरवरी, 1947 (2)

**व्याख्या–** कृपाजी धाकड़ का संबंध बेगूं किसान आंदोलन से है तथा ये 13 जुलाई, 1923 ई. को शहीद हुए थे।

9. नित्यानंद नागर, ऋषिदत्त मेहता व हरिमोहन माथुर आदि किस प्रजामण्डल के प्रमुख नेता थे?
(1) जयपुर प्रजामण्डल (2) भरतपुर प्रजामण्डल
(3) कोटा प्रजामण्डल (4) बूँदी प्रजामण्डल (4)

10. किशनगढ़ प्रजामण्डल की स्थापना कब व किसके द्वारा की गई?
(1) 1939 – कांतिलाल चौथानी
(2) 1927 – जमालशाह
(3) 1927 – कांतिलाल चौथानी
(4) 1943 – भूपेन्द्र नाथ त्रिवेदी (1)

**व्याख्या–** किशनगढ़ प्रजामण्डल की स्थापना कांतिलाल चौथानी ने की। इसके प्रथम अध्यक्ष जमालशाह थे।

11. उदयपुर में आयोजित अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद् के सातवें अधिवेशन की अध्यक्षता की थी ?
(1) जवाहर लाल नेहरू (2) हीरालाल शास्त्री
(3) जयनारायण व्यास (4) माणिक्यलाल वर्मा (1)

**व्याख्या–** 31 दिसम्बर,1945 से 1 जनवरी, 1946 तक उदयपुर में पंडित जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद् का सातवा अधिवेशन हुआ। इसमें रियासतों में उत्तरदायी शासन स्थापना की माँग की गई।

12. जैसलमेर में 1932 ई. में 'माहेश्वरी नवयुवक मण्डल' की स्थापना किसके द्वारा की गई थी जिसके कारण उन्हें पुनः जेल में डाल दिया गया था?
(1) सागरमल गोपा (2) शिवशंकर गोपा
(3) मिठालाल व्यास (4) रघुनाथ सिंह (4)

13. हीरालाल शास्त्री की प्रेरणा से 'जयपुर हितकारिणी सभा' का गठन किया गया था, जिसका अध्यक्ष बनाया गया था?
(1) जमनालाल बजाज (2) बालचंद शास्त्री
(3) निरंजीलाल (4) कर्पुरचंद पाटनी (2)

14. नारायणी देवी एवं स्नेहलता वर्मा किस प्रजामण्डल से संबंधित रही है ?
(1) बीकानेर प्रजामण्डल (2) मेवाड़ प्रजामण्डल
(3) बूँदी प्रजामण्डल (4) जयपुर प्रजामण्डल (2)

15. मेवाड़ महाराणा ने किस वर्ष प्रजामण्डल के सदस्यों से युक्त संविधान निर्मात्री सभा का गठन किया था?
(1) 1941 (2) 1942
(3) 1944 (4) 1946 (4)

16. जयपुर प्रजामण्डल व आजाद मोर्चा का विलय कब व किसकी मध्यस्था से हुआ था?
(1) 1942 – पं. नेहरू (2) 1942 – जमनालाल बजाज
(3) 1945 – पं. नेहरू (4) 1944 – कर्पुर चंद पाटनी
(3)

17. निम्न में से कौनसा एक कथन सत्य नहीं है?
(1) सुभाषचंद्र बोस विदेश से भारत लौटते समय 23 जनवरी, 1938 ई. को जोधपुर हवाई अड्डे पर उत्तर थे।
(2) बोस ने इसी दौरान स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने हेतु नौजवानों में उत्साह भरते हुए कहा था कि सफलता प्राप्त करने का यही सुनहरा अवसर है, जिसे हाथ से नहीं जाने देना चाहिए।
(3) विजयलक्ष्मी पण्डित और सुभाषचन्द्र बोस के जोधपुर आगमन से आन्दोलन को बल मिला तथा 1939 में जयनारायण व्यास पर से प्रतिबंध हटा लिए गए।
(4) उपर्युक्त सभी कथन सत्य है। (4)

18. निम्न में से किस राज्य में 1947 ई. में एक्ट पास कर (द्विसदनीय व्यवस्थापिका) 'राज्य सभा' और 'धारा सभा' की स्थापना की?
(1) जोधपुर (2) अलवर
(3) सिरोही (4) बीकानेर (4)

19. आनन्दराज सुराणा, अभयमल मेहता, छगनराज चौपासनी वाला आदि क्रांतिकारी निम्न में से किस प्रजामण्डल से जुड़े हुए थे?
(1) बीकानेर प्रजामण्डल (2) जयपुर प्रजामण्डल
(3) मारवाड़ प्रजामण्डल (4) जैसलमेर प्रजामण्डल (3)

20. कोटा प्रजामण्डल के बारे में निम्न में से कौनसा कथन सत्य नहीं है?
(1) कोटा प्रजामण्डल के प्रथम अधिवेशन में उत्तरदायी शासन स्थापित करने का प्रस्ताव पारित किया गया था।
(2) इसी दौरान पहली बार महिला सम्मेलन भी आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता किशोरी देवी ने की।
(3) 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान कोटा के हर्बर्ट कॉलेज एवं सिटी स्कूल के विद्यार्थियों ने हड़ताल कर जुलूस निकाला।13 अगस्त को अभिन्न हरि, शम्भूदयाल सक्सेना और बेनी माधव प्रसाद को गिरफ्तार किया गया।
(4) 14 अगस्त,1942 को तिरंगे के साथ जुलूस निकाल रहे छात्रों व जनता पर पुलिस द्वारा गोली चलाने से जनता उत्तेजित हो गई और जनता ने कोतवाली को घेरकर उस पर तिरंगा फहरा दिया। लोगों व कार्यकर्ताओं ने कोतवाली को 3 दिन तक घेरे रखा। (2)

**व्याख्या–** कोटा में पहली बार जब महिला सम्मेलन हुआ, तब इसकी अध्यक्षता शारदा भार्गव ने की थी।

21. डूँगरपुर प्रजामण्डल के बारे में असत्य कथन की पहचान करें?
(1) डूँगरपुर प्रजामण्डल की स्थापना भोगीलाल पाण्ड्या ने हरिदेव जोशी, गौरीशंकर उपाध्याय व शिवलाल कोटड़िया के साथ मिलकर 1944 में की थी।
(2) भोगीलाल पाण्ड्या ने डूँगरपुर में 'वागड़ सेवा मंदिर' व माणिक्यलाल वर्मा ने सागवाड़ (डूँगरपुर) में खाण्डलाई आश्रम की स्थापना की।
(3) 19 जून, 1947 को रास्तापाल गाँव में पाठशाला बंद करने को लेकर सेंगाभाई, नानाभाई खांट व भील बालिका कालीबाई को पुलिस के दमन का शिकार होना पड़ा।
(4) अंततः महारावल ने मार्च 1948 में अमृतलाल पाठक के नेतृत्व में लोकप्रिय सरकार का गठन किया। (4)

**व्याख्या–** डूँगरपुर प्रजामण्डल में महारावल ने मार्च 1948 में गौरीशंकर उपाध्याय के नेतृत्व में लोकप्रिय सरकार का गठन किया।

22. बीकानेर प्रजामण्डल के कार्यकर्ताओं द्वारा 'नेताजी दिवस' मनाया गया?
(1) 26 जनवरी, 1946 (2) 23 जनवरी, 1946
(3) 12 जनवरी, 1946 (4) 26 जनवरी, 1946 (2)

23. हाड़ौती प्रजा प्रतिनिधि सभा की स्थापना पं. नयनूराम ने कब की थी, जो जनता की शिकायतों को महाराव तक पहुँचाने का एक जरिया बनी?
(1) 1943 (2) 1923
(3) 1918 (4) 1934 (3)

24. बालमुकुंद बिस्सा का संबंध किस प्रजामण्डल से रहा है?
(1) जयपुर प्रजामण्डल (2) मारवाड़ प्रजामण्डल
(3) जैसलमेर प्रजामण्डल (4) डूँगरपुर प्रजामण्डल (2)

**व्याख्या–** बालमुकुंद बिस्सा का संबंध मारवाड़ प्रजामण्डल से रहा है। 1942 में आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किए गए बालमुकुन्द बिस्सा ने जेल में भूख हड़ताल की, भूख हड़ताल के दौरान जेल अधिकारियों के अत्याचार और उपचार के अभाव में 19 जून, 1942 को बालमुकुंद बिस्सा की मृत्यु हो गई।

25. पूर्वी राजपूताना के राजनीतिक कार्यकर्ताओं का एक सम्मेलन कब व कहाँ पर आयोजित हुआ, जिसमें सभी राज्यों में उत्तरदायी शासन स्थापित करने का प्रस्ताव पारित किया गया था?
(1) 1930, सोजत (पाली)
(2) 1940, बेगूँ (चित्तौड़गढ़)
(3) 1940, भदई गाँव (धौलपुर)
(4) 1930, बस्सी (चित्तौड़गढ़) (3)

26. अलवर सरकार ने किस वर्ष जंगली सूअर मारने पर रोक लगा दी थी, जिसके फलस्वरूप अलवर में किसानों द्वारा आन्दोलन शुरू किए गए?
(1) 1918 (2) 1936
(3) 1938 (4) 1921 (4)

27. कुशलगढ़ प्रजामण्डल की अध्यक्षता कब व किसकी अध्यक्षता में हुई थी?
(1) 1944, अभिन्न हरि (2) 1936, त्रिलोकचंद माथुर
(3) 1939, अमृतलाल पायक (4) 1942, भँवरलाल निगम (4)

**व्याख्या–** अप्रैल 1942 में भँवरलाल निगम की अध्यक्षता में कुशलगढ़ प्रजामण्डल की स्थापना हुई।

28. सुमेलित करें–

| प्रजामंडल | अध्यक्ष |
|---|---|
| A. जयपुर प्रजामंडल | i. चिरंजीलाल मिश्र |
| B. बीकानेर प्रजामंडल | ii. लक्ष्मी देवी आचार्य |
| C. अलवर प्रजामंडल | iii. गोपीलाल यादव |
| D. भरतपुर प्रजामंडल | iv. हरिनारायण शर्मा |

कूट

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | i | ii | iv | iii |
| (3) | iv | iii | i | ii |
| (4) | i | iii | ii | iv |

(2)

29. जयपुर महाराजा ने शिक्षा, लोक आन्दोलन एवं राज्यहित के वैधानिक सुधारों पर विचार के लिए किस वर्ष एक संवैधानिक समिति का गठन किया था?
(1) 26 अक्टूबर, 1942    (2) 26 अक्टूबर, 1943
(3) 26 अक्टूबर, 1939    (4) 26 अक्टूबर, 1938    (1)

30. सर हरिलाल घोसिलया और पुलिस आई.जी. संतसिंह का संबंध किस राज्य से था, जो आंदोलन को कुचल देना चाहते थे, लेकिन वहाँ के शासक ने अगस्त 1945 ई. में जनता से समझौता कर लिया?
(1) कोटा    (2) कुशलगढ़
(3) करौली    (4) किशनगढ़    (1)

31. आदित्येन्द्र, ठाकुर देशराज, रेवतीशरण शर्मा तथा मोतीलाल यादव का संबंध किस प्रजामण्डल से था?
(1) भरतपुर प्रजामण्डल    (2) मेवाड़ प्रजामण्डल
(3) अलवर प्रजामण्डल    (4) सिरोही प्रजामण्डल    (1)

32. भंवरलाल कवि, चिरंजीलाल, कल्याण दास व रामगोपाल आदि ने किस राज्य में जागृति लाने हेतु खादी का प्रचार, हरिजनों के उद्धार कार्य व बेगार के विरोध में आंदोलन किए?
(1) करौली    (2) जोधपुर
(3) सिरोही    (4) जयपुर    (1)

33. 24 फरवरी,1943 को किस रियासत में 'गाँधी उपवास दिवस' मनाया गया?
(1) जोधपुर    (2) बीकानेर
(3) जयपुर    (4) उदयपुर    (3)

34. शाहपुरा में सन् 1946 ई. में निम्न में से किसकी अध्यक्षता में संविधान समिति बनाई गई थी, जिसे महाराजा सुदर्शन देव ने स्वीकार कर 14 अगस्त, 1947 को लागू कर दिया था?
(1) गोकुल लाल आसवा    (2) माँगीलाल भव्य
(3) कांतिलाल चौथानी    (4) अमृतलाल पाठक    (1)

35. बाँसवाड़ा प्रजामण्डल के प्रथम अध्यक्ष थे?
(1) विनोदचंद कोठारी    (2) माणिक्यलाल वर्मा
(3) भूरेलाल बयां    (4) हरिनारायण शर्मा    (1)

**व्याख्या–** बाँसवाड़ा में प्रजामण्डल की स्थापना 1943 में भूपेंद्र नाथ त्रिवेदी ने धूलजी भाई, मोतीलाल जाड़िया व मणिशंकर के साथ मिलकर की। इसके प्रथम अध्यक्ष विनोद चंद कोठारी थे।

36. 1937 ई. में ऋषिदत्त मेहता किस प्रजामण्डल के अध्यक्ष बने थे, जिन्हें गिरफ्तार कर वहाँ से निर्वासित कर दिया था?
(1) बूँदी प्रजामण्डल    (2) जोधपुर प्रजामण्डल
(3) बीकानेर प्रजामण्डल    (4) मेवाड़ प्रजामण्डल    (1)

**व्याख्या–** 1937 ई. में ऋषिदत्त मेहता बूँदी प्रजामण्डल के अध्यक्ष बने, जिन्हें गिरफ्तार कर बूँदी से निर्वासित कर दिया।1939 ई. में पशु निकासी व जकात को लेकर प्रजामण्डल ने आंदोलन किया। 1940 में ऋषिदत्त मेहता ने पुनः बूँदी लौटकर आंदोलन का गति प्रदान की।

37. बीकानेर से निर्वासित किए जाने के बाद मघाराम वैद्य ने कलकत्ता में प्रजामण्डल का पुनर्गठन किया था, यहाँ निम्न में से प्रजामण्डल की अध्यक्षा बनाया गया था?
(1) किशोरी देवी    (2) रमा देवी
(3) लक्ष्मीदेवी आचार्य    (4) महिमा देवी    (3)

38. मघाराम वैद्य ने राजा के आतंक के कारण बीकानेर से बाहर जाकर किस स्थान पर बीकानेर प्रजामण्डल की स्थापना की थी?
(1) अजमेर    (2) वर्धा
(3) बम्बई    (4) कलकत्ता    (4)

39. सागरमल गोपा की हत्या की जाँच हेतु निम्न में से किस आयोग का गठन किया गया था ?
(1) गोपाल स्वरूप पाठक    (2) बी.एन. राव कमेटी
(3) बिंदुलाल भट्टाचार्य आयोग    (4) पृथ्वीराज आयोग    (1)

40. भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान अगस्त 1942 को किस राज्य सरकार द्वारा माणिक्यलाल वर्मा, मोहनलाल सुखाड़िया, बलवंत मेहता व भूरेलाल बयां को गिरफ्तार कर भाषण, सभा और प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिए थे?
(1) मारवाड़    (2) अलवर
(3) मेवाड़    (4) भरतपुर    (3)

Lead, Read and Achieve
Dhindhwal Publication